दिनांक 01.07.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया गया

**भिलाईनगर।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सफाई अपनाओ बीमारी भगावो अभियान चलाने भारत सरकार से निर्देश प्राप्त हुआ है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर 1 से 30 जुलाई तक मिशन के प्रमुख सिधांत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के क्रियान्वयन किया जाना है। जिससे नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने अलग–अलग अभियान चलाया जाना है। प्रथम दिवस में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार के वार्ड क्रं. 41 छावनी स्वामी आत्मानंद स्कूल में अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक स्कूली बच्चो ने हिस्सा लिया। वार्ड क्रं. 45 बालाजी नगर पठान मोहल्ला में स्वच्छता के प्रति जागरूक होने एवं जल जनित बिमारियों के बचाव हेतु अभियान चलाया गया। हम सब ने ठाना है डेंगू मुक्त शहर बनाना है के नारे लगाकर रैली निकाली गई। इसी प्रकार जोन 01 नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 05 कोसा नगर में पीआईयू सुभम पाटनी के नेतृत्व में प्राइमरी स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केम्प–01 में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह द्वारा उपस्थित बच्चो को हाथ की स्वच्छता, घर की स्वच्छता, पड़ोस की स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता, स्वच्छ नाली व जल निकास एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान में जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, गठित टीम प्रभारी सुदामा परगनिया, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, पीआईयू अभिनव ठोकने, युक्ति देवांगन, किस्टोफर पाल, जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव, राजकुमार मर्सकोले, उमेश कपूर, स्कूल प्राचार्य सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

